Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

اَلْيَوْمَ اَكْمَلْتُ لَكُمْ دِيْنَكُمْ
وَاَتْمَمْتُ عَلَيْكُمْ نِعْمَتِيْ
وَرَضِيْتُ لَكُمُ الْاِسْلَامَ دِيْنًا

(सूरत मायदा : 4)

अनुवाद : आज के दिन मैं ने तुम्हारे लिए तुम्हारा धर्मे पूर्ण कर दिया और तुम पर मैंने अपनी नेमत पूर्ण कर दी हैं और मैं ने इस्लाम को तुम्हारे लिए दीन के तौर पर पसंद कर लिया है।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 6
अंक- 17

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

16 रमज़ान 1442 हिज्री कमरी 29 शहादत 1400 हिज्री शम्सी 29 अप्रैल 2021 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की नसीहतें

(1237) हज़रत अबू ज़र (ग़फ़्फ़ारी) रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया मेरे रब की ओर से एक आने वाला मेरे पास आया और उसने मुझे बताया आपने फ़रमाया उसने मुझे खुशखबरी दी कि जो मेरी उम्मत से ऐसी हालत में मरे कि वह अल्लाह तआला के साथ किसी चीज़ को भी शरीक नहीं ठहराता तो वह जन्नत में दाख़िल होगा।

(1238) हज़रत अब्दुल्लाह (बिन मसऊद) रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया जो अल्लाह का किसी को शरीक ठहराते हुए मरेगा वह आग में दाख़िल होगा और मैं (अर्थात अब्दुल्लाह बिन अब्दुल्लाह रज़ियल्लाहु अन्हु) कहता हूँ : जो व्यक्ति ऐसी हालत में मरे कि वह किसी को भी अल्लाह तआला का शरीक न ठहराता हो तो जन्नत में दाख़िल होगा।

(1239) हज़रत बरा (बिन आज़िब) रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि हमें रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने सात बातें करने का हुक्म दिया और सात ही बातों से हमें रोका। हमें हुक्म दिया कि हम जनाज़ों के साथ जाया करें, बीमार की अयादत करें, दावत देने वाले की दावत क़बूल करें, मज़लूम की मदद करें, कसम को पूरा करें, सलाम का जवाब दिया करें, छींकने वाले को दुआ दें और चांदी के बर्तन, सोने की अँगूठी, रेशमी कपड़े और दीबाज और कसी और इस्तबराक़ (बहुत बढ़िया रेशमी कपड़ा) (पहनने) से हमें मना फ़रमाया है।

(सही बुख़ारी, भाग 2 किताब अल् जनायज़, प्रकाशन क़ादियान 2006)

अरबी भाषा सीखें क्योंकि अरबी भाषा के बिना कुरआन का मज़ा नहीं आता।
आदमी के लिए अनिवार्य है कि तौबः तथा इस्तिग़फार में लगा रहे और देखता रहे कि ऐसा न हो, बुरे कर्म सीमा से गुज़र जाएं और ख़ुदा तआला के क्रोध को खींच लाएं।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

25 जून 1899 ई

साहिबज़ादा मिर्ज़ा मुबारक अहमद का अक़ीक़ा

साहिबज़ादा मुबारक अहमद साहिब के अक़ीक़ा के लिए 25 जून इतवार का दिन निर्धारित था। हज़रत अक़दस ने इस काम का प्रबन्ध मुंशी नबी बख़्श साहिब के सपुर्द किया था, परन्तु उस दिन क्योंकि बारिश थी और हवा बहुत ठण्डी चल रही थी और बादल की कारण से अन्धेरा भी था ये सब सामान हम लोगों के लिए अफ़साना ख़्वाब हो गया हज़रत भी सो गए और प्रबन्धक साहिब भी अपने बसेरे में जा लेटे। दिन ख़ूब चढ़ गया हज़रत उठे और पूछा कि अक़ीक़ा का कोई सामान नज़र नहीं आता। गांव के लोगों को दावत की गई थी और बाहर से भी कुछ लोग पधारे थे। हज़रत को चिन्ता हुई कि मेहमानों को अकारण ही कष्ट हुआ। उधर हमारे दोस्त नबी बख़्श साहिब बड़े परेशान और लज्जित थे कि हुज़ूर के समक्ष मैं क्या बहाना करूँ। मुंशी साहिब हाज़िर हुए और क्षमा चाही। ख़ैर दयालु इन्सान और रहीम मार्गदर्शक उसकी ज़ात में कठोरता और सख़्त आलोचना तो है ही नहीं। फ़रमाया अच्छा فُعِلَ مَا قُدِّرَ परन्तु हमारे दोस्त मुंशी साहिब को धैर्य कहाँ। यह दिल ही दिल में कुढ़ें और लज्जित हों और दौड़े जाएं। उन के इस हाल को देख कर हज़रत अक़दस को अपनी एक रोया याद आ गई जो चौदह साल हुए देखी थी। जिसका विषय यह है कि एक चौथा बेटा होगा और इस का अक़ीक़ा सोमवार को होगा।

ख़ुदा तआला की बात के पूरा होने और अल्लाह तआला के इस अदभुत सामर्थ्य से हज़रत अक़दस को जो ख़ुशी हुई उसने सारे अपमान और सामान के न होने की परेशानी को दूर कर दिया। और दूसरे दिन सोमवार को जब हम सब ख़ुद्दाम घर के भीतरी सेहन में बैठे थे और साहिबज़ादा मुबारक अहमद साहिब का सिर मूंडा जा रहा था। हज़रत अक़दस ने किस जोश से यह रोया सुनाई।

30 जून 1899 ई

रात को मौसम की बीमारियों का वर्णन हुआ। फ़रमाया "यहा दिन बरसात के प्राय ख़तरनाक हुआ करते हैं। भारत के वैद्य कहते हैं कि इन तीन महीनों में जो बच रहे, वह मानो नए सिरे से पैदा होता है।" फिर फ़रमाया। "यह सर्दी भी ख़ौफ़नाक ही नज़र आती है।" फ़रमाया। "वैद्य बड़े बड़े परहेज़ों और सुरक्षा के लिए सावधानियां बताते हैं; यद्यपि माध्यमों सिलसिला और उन की रियाइत ठीक है, परन्तु मैं कहता हूँ कि सीमित

शेष पृष्ठ 11 पर

बाइबल की रिवायत पर क़ुरआन-ए-करीम पर आपत्ति आश्चर्य की बात है, हम निःसंदेह बाइबल की कुछ रिवायत को तारीख़ी गवाही के तौर पर उल्लेख करते हैं लेकिन उसी वक़्त जबकि वह अक़्ल और दूसरी तारीख़ या क़ुरआन-ए-करीम के अनुसार हो

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरत युसूफ आयत नम्बर 81की तफ़सीर में फ़रमाते हैं :

كَبِيْرُهُم जिस भाई के सम्बन्ध में आया है मालूम होता है उस के दिल में किसी क़दर अल्लाह का भय था। क्योंकि एक तो वह अपने बाप से ग़द्दारी करने से भाईयों को डराता है दूसरे अपने वादे की पाबंदी पर डटा हुआ है कि जब तक मेरा बाप आज्ञा न दे या ख़ुदा तआला ही कोई निर्णय कर दे मैं यहां से नहीं जाऊँगा। ख़ुदा तआला के फ़ैसला से मुराद हो सकता है कि उस के दिल में यह हो कि किसी तरह बिन यामीन आज़ाद हो जाएं और मैं उनको साथ लेकर वापिस चला जाऊं।

हज़रत-ए-यूसुफ़ के सबसे बड़े भाई का नाम रोबिन था और बाइबल के अनुसार जिस भाई ने इस अवसर पर घर वापिस जाने से इंकार किया है वह यहूदा थे जो भाईयों में से चौथे दर्जा पर थे। मसीही लेखक इस जगह आपत्ति करते हैं कि क़ुरआन के लेखक को इतिहास का भी ज्ञान नहीं। वे यहूदा की बात को रोबिन की तरफ़ मंसूब कर रहा है। मुझे मसीही लेखकों के ऐसी आपत्तिों पर हमेशा आश्चर्य हुआ करता है। वे इस प्रकार बाइबल का वर्णन करते हैं इसलिए वे सबसे ज़्यादा प्रमाणित इतिहास की पुस्तक है। जबकि ख़ुद मसीही लिटरेचर इन तर्कों से भरा पड़ा है जो इतिहासिक रूप से बाइबल के पद को बहुत गिरा देते हैं। पुरानी तारीख़ तो अलग रही मूसा अलैहिस्सलाम की

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अलख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्ररेहिल अज़ीज़ की यूरोप की यात्रा, मई जून 2015 ई (भाग-9)

सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ का अख़बार DIE ZEIT को इंटरव्यू

हमारे रिकार्ड के अनुसार 67 प्रतिशत Bachlor कर रहे हैं 19 प्रतिशत Master कर रहे हैं, 10 प्रतिशत State Examination कर रहे हैं 2.4 प्रतिशत PhD कर रहे हैं और 1.1 प्रतिशत Diploma कर रहे हैं।

अहमदिया मुस्लिम स्टूडैंटस असोसिएशन जर्मनी के विभित्न 26 यूनीवर्सिटीज़ से निरंतर सम्पर्क में है और उन राबतों के अधीन इन यूनीवर्सिटीज़ में विभिन्न प्रोग्रामज़ आयोजित करवाती है

यूनीवर्सिटी में तब्लीग़ी प्रोग्राम भी आयोजित किए जाते हैं और अहमदी विद्यार्थी के माध्यम से विभिन्न विषयों पर प्रोग्राम और बैठकें आयोजित होती हैं।
अब तक Marburg, Hamburg, Frankfurt की यूनीवर्सिटीयों में तीन प्रोग्रामज़ हो चुके हैं और Hamburg, Heidelberg की यूनीवर्सिटीयों में दो प्रोग्रामज़ अगले महीने आयोजित होंगे।

आदरणीय नादिर अहमद संधू साहिब जो कि मैडीकल के स्टूडैंट हैं उन्हों ने दिल की बीमारीयों के बारे में अपनी खोज प्रस्तुत की
दिल की बीमारीयों के हवाला से दो ऐसे प्रोटीनज़ को देखा गया है जिनके बारे में विचार है कि उनका दिल की बीमारीयों के आरंभ में बहुत महत्वपूर्ण किरदार है। इन का नाम MIF और SDF-1है

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)
(अनुवादक: सय्यद मुहयुद्दीन फ़रीद)

29 मई शनिवार के दिन 2015

फ़ैमिली मुलाक़ात

प्रोग्राम के अनुसार छः बजे हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ अपने दफ़्तर पधारे और फ़ैमिलीज़ और इन्फ़िरादी लोगों की मुलाक़ातों का प्रोग्राम शुरू हुआ।

आज शाम के इस सैशन में 45 फ़ैमिलीज़ के 137 लोग और 27 लोग ने इन्फ़िरादी तौर पर, इस तरह संपूर्णता 164 लोग ने प्यारे आक़ा से मुलाक़ात का सौभाग्य पाया। इन सभी फ़ैमिलीज़ और लोगों ने हुज़ूर अनवर के साथ तस्वीर खिचवाने का सौभाग्य भी पाया।

आज मुलाक़ात का सौभाग्य पाने वालों में फ्रैंकफ़र्ट की जमाअत से आने वाली फ़ैमिलीज़ और लोगों के अतिरिक्त विभिन्न जमाअतों

KOLN, MARBURG, STADE, TRIER, BOCHOLT, HATTERSHEIM, AALEN, AHAUS, FRIEDBERG, FREINSHEIM, NEUFAHRN, WALDSHUT, VIERSEN, KREUZNACH, ERFURT

ओसना बर्ग, म्यूनख़, कासल, कोबल नज़ावर वेज़ बादिन से आने वाली फ़ैमिलीज़ और लोगों शामिल थे। इन सभी ने अपने प्यारे आक़ा से मुलाक़ात का सौभाग्य पाया और प्रत्येक बाबरकत लमहात से बरकतें समेटते हुए बाहर आए। बीमारों ने अपनी सेहतयाबी के लिए दुआएं प्राप्त कीं। विभिन्न परेशानीयों और समस्याओं में घिरे हुए लोगों ने अपनी तकालीफ़ दूर होने के लिए दुआ की दरख़ास्तें कीं और संतुष्टि पा कर मुस्कुराते हुए चेहरों के साथ बाहर निकले। कुछ लोगों ने अपने कारोबार और विभिन्न मुआमलात के लिए रहनुमाई ली ।

विद्यार्थी ने तालीमी मैदान और परीक्षा में सफ़लता की प्राप्ति के लिए अपने प्यारे आक़ा से दुआएं प्राप्त कीं। उद्देश्य प्रत्येक ने अपने प्यारे आक़ा की दुआओं से हिस्सा पाया। देखने की प्यास बुझी और ये कुछ मुबारक क्षण उन्हें हमेशा के लिए सेराब कर गए।

पाकिस्तान से आने वाली एक फ़ैमिली जब मुलाक़ात करके दफ़्तर से बाहर आई तो उनकी आँखें आँसुओं से भरी हुई थीं और महिला निरन्तर रो रही थीं। कहने लगीं की जब से होश सँभाला है हमने हुज़ूर को टीवी पर ही देखा है। आज अपने जीवन में पहली बार अपने सामने इतने क़रीब से देखा है। ये कुछ क्षण मेरे लिए वर्णन करने की सीमा से बाहर हैं कि मैं इतनी सौभाग्यशाली हूँ कि हुज़ूर अनवर को देख लिया है और कुछ क्षण हुज़ूर अनवर के पास बैठेने के प्राप्त हुए हैं। अल्लाह यह सौभाग्य इस फ़ैमिली के लिए मुबारक करे।

बहुत सौभाग्यशाली हैं वे लोग जिन्होंने अपने प्यारे आक़ा को देखा और फिर क़ुरब के ये कुछ क्षण प्राप्त हो रहे हैं। यह मुबारक क्षण उनके सारे जीवन की पूंजी है। उनका सारी जीवन एक ओर, और ये मुबारक क्षण एक ओर, और इनका कोई बदल नहीं। अल्लाह करे कि हम इन मुबारक लमहात की क़दर और हिफ़ाज़त करने वाले हों। यह केवल हमारे लिए ही नहीं बल्कि हमारी भविष्य की नस्लों के लिए भी पूंजी हैं। इन लमहात की बरकतों से हमारी नस्लें भी हिस्सा पाएँगी और सफ़ल होंगी।

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों और बच्चीयों को क़लम प्रदान फ़रमाए और छोटी आयु के बच्चों और बच्चीयों को चॉकलेट प्रदान फ़रमाए।

मुलाक़ातों का यह प्रोग्राम पौने नौ बजे तक जारी रहा। इसके बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ अपने रहने के स्थान पर तशरीफ़ ले गए।

आमीन का समारोह

9 बजकर 25 मिनट पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ मस्जिद के हाल में पधारे और प्रोग्राम के अनुसार आमीन का समारोह आयोजित हुआ। हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने पच्चीस बच्चों और बच्चीयों से क़ुरआन-ए-मजीद की एक-एक आयत सुनी और अंत में अमीन करवाई।

निमंलिखित ख़ुशनसीब बच्चों और बच्चीयों ने आमीन के समारोह में शमूलीयत का सौभाग्य पाया।

शुमायल अहमद मुनीर, फ़राज़ अहमद मीर, अदील अहमद, नूरेज़ अली मंज़ूर, जलीस अहमद ज़फ़र, जाज़िब अहमद ज़फ़र, ज़ैन मुज़फ़्फ़र, कामरान अज़हर काहलों, अहमद रहमान, आज़िद शहज़ाद शेख़, ज़ीशान उमर, सय्यद सफ़ीर अहमद, उसमान महमूद, अली सुफ़ियान चौधरी, आशिर अहमद नासिर, आफ़्रा सियाब नसीम।

आतिका अहमद, मदीहा अतहर, रानिया अहमद, लायबा मलिक, मशाल ऐवान, सजल ख़ान, आफ़ीया चौधरी, अतीया मिलही, सुफ़रा नासिर।

आमीन के समारोह में हिस्सा लेने वाले ये बच्चे जर्मनी की विभिन्न जमाअतों DARMSTADT, DIETZENBACH, RIEDSTADT, और TAUNUS से आए थे।

इसके बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने नमाज़ मग़रिब-ओ-इशा जमा

शेष पृष्ठ 9 पर

ख़ुत्बः जुमअः

अबू अब्दुल्लाह हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ..... मेरे सहाबा में से आचरण के लिहाज़ से मुझ से सबसे ज़्यादा समानता रखते हैं (हदीस)

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के महान ख़लीफ़ा र्राशिद दो नूरों वाले हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु की विशेषताओं का वर्णन।

मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की बढ़ोतरी के बारे में विभिन्न रिवायत का विस्तृत वर्णन।

मैंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सहाबा में से बात को मुकम्मल और ख़ूबसूरत रूप में वर्णन करने में हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से बेहतर किसी को नहीं देखा जबकि आप रज़ियल्लाहु अन्हु ज़यादा बातचीत से बचा करते थे।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि मैंने अपने प्रतापी रब से यह दुआ मांगी है कि वह किसी ऐसे व्यक्ति को आग में दाख़िल न करे जो मेरा दामाद हो या जिसका मैं दामाद हूँ।

चार मरहूमीन मुबश्शिर अहमद रिंद साहिब, इब्न अहमद बख़्श साहिब मुअल्लिम वक़्फ़-ए-जदीद, आदरणीय मुनीर अहमद फ़ख़्र साहिब पूर्व अमीर जमाअत इस्लामाबाद (पाकिस्तान),

ब्रिगेडियर रिटायर्ड मुहम्मद लतीफ़ साहिब साबिक़ अमीर ज़िला रावलपिंडी और आदरणीय कौनोक ओम्रो बेकूफ़ साहिब आफ़ किर्गिज़स्तान की विशेषताओं का वर्णन और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 19 मार्च 2021 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का वर्णन चल रहा था। उनकी गवाही के बाद की घटना, गवाही के बाद के दिनों के बारे में हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु ने भी कुछ में लिखा है। आप रज़ियल्लाहु अन्हु लखते हैं कि अब मदीना उन्ही लोगों के कब्ज़े में रह गया और उन दिनों में इन लोगों ने जो हरकात कीं वे निहायत हैरत-अंगेज़ हैं। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को शहीद तो कर चुके थे। उनकी नाश के दफ़न करने पर भी उनको आपत्ति हुई और तीन दिन तक आप को दफ़न नहीं किया जा सका। अंततः सहाबा की एक जमाअत ने हिम्मत कर के रात के वक़्त आप रज़ियल्लाहु अन्हु को दफ़न किया। इन लोगों के रास्तों में भी उन्होंने रोकें डालीं लेकिन कुछ लोगों ने सख़्ती से मुक़ाबला करने की धमकी दी तो दब गए।

(उद्धरित इस्लाम में इख़तेलाफ़ात का आग़ाज़, अनवारुल ऊलूम भाग 4 पृष्ठ 333)

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के विषय में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने भविष्यवाणी फ़रमाई थीं। उनका वर्णन इस तरह मिलता है। हज़रत अबू मूसा अशरी रज़ियल्लाहु अन्हु से मर्वी है कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम एक उद्यान में दाख़िल हुए और मुझे उद्यान के दरवाज़े पर पहरा देने का हुक्म फ़रमाया। इतने में एक व्यक्ति आया और अंदर आने की आज्ञा मांगी। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया उसे अंदर आने दो और उसे जन्नत की खुशखबरी दो तो क्या देखता हूँ कि वह हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु हैं। फिर एक और व्यक्ति आया और आज्ञा मांगी तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया उसे आने दो और उसे जन्नत की खुशखबरी दो तो क्या देखता हूँ कि वह हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु हैं। फिर एक और व्यक्ति आया और आज्ञा मांगी इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम थोड़ी देर ख़ामोश रहे और फिर फ़रमाया उसे आने दो और उसे जन्नत की खुशखबरी दो जबकि एक बड़ी मुसीबत उसे पहुँचेगी तो क्या देखता हूँ कि वह हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु हैं।

(सही बुखारी किताब फ़ज़ायल अस्हाबुन्नबी(सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) बाब मनाक़िब उस्मान बिन अफ़्फ़ान...हदीस 3695)

हज़रत अनस रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ओहद पर चढ़े जबकि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के साथ हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु थे। ओहद पहाड़ हिलने लगा तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया ओहद ठहर जा। रावी कहते हैं कि मेरा ख़्याल है कि आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने उस पर अपना पांव भी मारा और फ़रमाया तुम पर एक नबी और एक सिद्दीक़ और दो शहीद हैं।

(सही बुखारी किताब फ़ज़ायल अशबुन्न नबी (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) बाब मनाक़िब उस्मान बिन अफ़्फ़ान ... हदीस 3699)

हज़रत इब्ने उमर रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक उपद्रव का वर्णन करते हुए फ़रमाया कि यह व्यक्ति उस उपद्रव में उत्पीड़न की अवस्था में मारा जाएगा। यह आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की ओर संकते करते हुए फ़रमाया। (सुंन अल्तिर्मेज़ी अबवाब मनाकिब बाब قولهم كنا نقول ابوبكروعمروعثمان हदीस नंबर 3708)

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने जो विरासत छोड़ी थी उसके बारे में जो वर्णन मिलता है वह यह है। अबैदुल्लाह बिन अब्दुल्लाह बिन अतबा वर्णन करते हैं कि जिस दिन हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु शहीद किए गए उस दिन आप रज़ियल्लाहु अन्हु के ख़ज़ानची के पास आप के तीन करोड़ पाँच लाख दिरहम और डेढ़ लाख दीनार पड़े थे। वे सब लूट लिए गए। तथा आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने रब्ज़ाह स्थान पर एक हज़ार ऊंट छोड़े हुए थे। रब्ज़ाह हिजाज़ के रस्ता में मदीना से तीन दिन की दूरी पर स्थित एक गाँव है। इसी तरह बरादीस और ख़ैबर और वादी कुरा में दो लाख दीनार के सदक़ात छोड़े जिन से आप सदक़ा दिया करते थे।(अल्तब्कातुल कुबरा लेइब्ने साअद भाग तीन पृष्ठ 42 उस्मान बिन अफ़्फ़ान, दारुल अहया तुर्रास अरबी बेरूत, 1996 ई.) (फ़र्हंग सीरत पृष्ठ 130 ज़व्वार अकैडमी पब्लिकेशन कराची 2003 ई.)

पहले यह भी वर्णन हो चुका है कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कि मैं अमीर आदमी था और अब मेरे पास केवल दो ऊंट हैं जो हज के लिए मैंने रखे हुए हैं। (उद्धरित इस्लाम में इख़तेलाफ़ात का आग़ाज़, अनवारुल उलूम भाग 4 पृष्ठ 294)

हो सकता है कि जो बात की जा रही है यह उस वक़्त की हो जब जनता के लाभ के निर्धारित खज़ाने में इस क़दर माल हो जो रावी ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के व्यक्तित्व की ओर सम्बोधित कर दिया है और या यह भी हो सकता है कि उनका व्यक्तिगत भी हो तो अपनी ज़ात पर अब ख़र्च नहीं करते थे बल्कि सदक़ात और

क़ौमी ज़रूरीयात पर ही ख़र्च किया करते थे। बहरहाल एक रिवायत है जो मैंने वर्णन की। इससे पहले उनके अपने हवाले से भी एक रिवायत वर्णन हो चुकी है और खज़ाने की रक्षा के लिए जो आदमी निर्धारित किए थे उन ख़ज़ानचियों से भी यही ज़ाहिर होता है कि वह क़ौमी ख़ज़ाना था जिसकी रक्षा के लिए आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने निर्धारित किया था। (उद्धरित इस्लाम में इख़तेलाफ़ात का आग़ाज़, अनवारुल उलूम भाग 4 पृष्ठ 329)

सहाबा हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की गवाही की घटना के बारे में जो वर्णन करते हैं वह इस तरह है। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु से पूछा गया कि आप (रज़ियल्लाहु अन्हु) हमें हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के बारे में कुछ बताएं। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया वह तो ऐसा व्यक्ति था जो फरीश्तों में भी दो नूरों वाले कहलाते थे।

(अल्-असाबा फ़ी तमीज़ सहाबा भाग 4 पृष्ठ 378 उस्मान बिन अफ्फ़ान, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2005 ई.)

अल्लाह तआला के नज़दीक भी वह दो नूरों वाले थे।

हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु हम में सबसे बढ़ कर दया करने वाले थे। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा को जब हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की गवाही की ख़बर मिली तो उन्होंने फ़रमाया इन लोगों ने आप रज़ियल्लाहु अन्हु को क़तल कर दिया हालाँकि आप रज़ियल्लाहु अन्हु सबसे ज़्यादा दया करने वाले और उन सबसे ज़्यादा रब का संयम धारण करने वाले थे।

(अल्-असाबा फ़ी तमीज़ अल सहाबा भाग 4 पृष्ठ 378 उस्मान बिन अफ्फ़ान, दारुल क़ुतुब इल्मिया 2005 ई.)

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के अपने दामादों के हक़ में जो दुआ है इसकी भी एक रिवायत मिलती है। "अल्इस्तेयाब" में लिखा है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि मैंने अपने रब से यह दुआ मांगी है कि वह किसी ऐसे व्यक्ति को आग में दाख़िल न करे जो मेरा दामाद हो या जिसका मैं दामाद हूँ।

(अल्इस्तेयाब फ़ी मारेफ़तिल साहाबा भाग तीन पृष्ठ 156 उस्मान बिन अफ्फ़ान, दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2002 ई.)

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के लिबास और रूप रंग के बारे में महमूद बिन लबीद वर्णन करते हैं कि उन्होंने हज़रत उस्मान बिन अफ्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु को एक ख़च्चर पर इस हालत में सवार देखा कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु के शरीर पर दो पीली चादरें थीं।

हकम बिन सल्त् वर्णन करते हैं कि मेरे पिता ने मुझे बताया कि उन्होंने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को ख़िताब करते हुए देखा जबकि आप रज़ियल्लाहु अन्हु पर काले रंग की चादर थी और आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने मेहंदी का रंग लगाया हुआ था। सुलेम अबू आमिर वर्णन करते हैं कि उन्होंने हज़रत उस्मान बिन अफ्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु पर एक यमनी चादर देखी जिसकी क़ीमत सौ दिरहम थी। मुहम्मद बिन उमर वर्णन करते हैं कि मैंने अम्र बिन अब्दुल्लाह, उर्वा बिन ख़ालिद और अब्दुर्रहमान बिन अबू ज़िनाद से हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के रूप रंग इत्यादि के बारे में पूछा। इन सबने बिना मतभेद के कहा कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु न छोटे कद थे, न ही बहुत लंबे। आप रज़ियल्लाहु अन्हु का चेहरा ख़ूबसूरत, चमड़ी नरम, दाढ़ी घन्नी और लंबी, रंग गंदुमी, जोड़ मज़बूत, कंधे चौड़े, सिर के बाल घने थे। आप रज़ियल्लाहु अन्हु दाढ़ी को ख़िज़ाब से पीला करते थे। वाक़िद बिन अबू यासिर वर्णन करते हैं कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपने दाँतों को सोने की तार से बाँधा हुआ था। मूसा बिन तल्हा वर्णन करते हैं कि मैंने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को देखा कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु जुम्मा के दिन बाहर तशरीफ़ लाते तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु पर दो पीली चादरें होतीं। फिर आप रज़ियल्लाहु अन्हु मंच पर तशरीफ़ रखते और मुअज़्ज़न अज़ान देता। फिर जब मुअज़्ज़न ख़ामोश हो जाता तो एक टेढ़ी हत्थी वाले डंडे का सहारा ले कर खड़े होते और डंडे हाथ में लिए हुए ख़ुतबा देते। फिर आप रज़ियल्लाहु अन्हु मंच से उतरते और मुअज़्ज़न इक़ामत कहता। हुस्न वर्णन करते हैं कि मैंने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को मस्जिद में अपनी चादर का तकिया बना कर सोते हुए देखा। (अल्तब्कातुल कुबरा लेइब्ने साअद भाग तीन पृष्ठ 32 से 34 वर्णन लिबास उस्मान, दारुल अहया तुर्रास अरबी बेरूत 1996 ई.)

मूसा बिन तल्हा वर्णन करते हैं कि जुमा के दिन हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने एक डंडे का सहारा लिया हुआ था। आप रज़ियल्लाहु अन्हु समस्त लोगों से ज़्यादा ख़ूबसूरत थे। आप रज़ियल्लाहु अन्हु पर दो पीले रंग के कपड़े होते थे एक चादर और एक तयबंद यहां तक कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु मंच पर आते और उस पर बैठ जाते। (मज्मा ज़वायेद व मम्बा फ़वायद भाग सात पृष्ठ 57 किताब अल् मनाकिब बाब सुफता, हदीस नंबर 14493 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2001ई.)

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की एक अँगूठी थी जिस पर मुहम्मद रसूलुल्लाह लिखा हुआ था, कुंदा था। वह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम प्रयोग किया करते थे। इसके बारे में रिवायत आती है। हज़रत अनस बिन मालिक रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि जब नबी अकरम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने रौम के बादशाह की तरफ़ पत्र लिखने का इरादा फ़रमाया तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से निवेदन किया गया कि यदि इस पत्र पर कोई मुहर नहीं लगी हुई होगी तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का पत्र नहीं पढ़ेंगे। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने चांदी की एक अँगूठी बनवाई जिस पर यह लिखा था "मुहम्मद रसूलुल्लाह" रावी कहते हैं इसलिए मैं अभी भी अँगूठी की सफ़ेदी को आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के हाथ में देख रहा हूँ। (सही बुखारी किताब अल्-लिबास बाब इत्तेहाज़ खातम ... , हदीस 5875) वह बात मुझे इतनी ताज़ा है।

हज़रत अनस रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की अँगूठी आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के हाथ में रही। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के बाद हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु के हाथ में रही। हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु के बाद हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु के हाथ में रही। फिर जब हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का समय आया तो एक-बार अरीस नाम के कुँवें पर आप रज़ियल्लाहु अन्हु बीठे थे। रावी कहते हैं कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने वह अँगूठी निकाली और उस से खेलने लगे। अर्थात उंगली में फेरने लग गए होंगे तो वह गिर गई। रावी कहते हैं कि हमने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के साथ तीन दिन तक उसे तलाश किया और कुँवें का सारा पानी भी बाहर निकाला लेकिन वह अँगूठी नहीं मिल सकी।

इस अँगूठी के ग़म होने के बाद हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने उसे ढूंढ कर लाने वाले को अत्यधिक धन देने का ऐलान किया और इस अँगूठी के गुम होने का आपको बहुत ज़्यादा दुख हुआ। जब आप रज़ियल्लाहु अन्हु उस अँगूठी के मिलने से, उसकी तलाश से मायूस हो गए तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने वैसी ही चांदी की एक और अँगूठी बनाने का हुक्म दिया। इसलिए बिल्कुल वैसी ही एक अँगूठी तैयार की गई जिसका नक़्श भी "मुहम्मद रसूलुल्लाह" था। वह अँगूठी आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपनी वफ़ात तक पहने रखी। आप रज़ियल्लाहु अन्हु की गवाही के वक़्त वह अँगूठी किसी नामालूम व्यक्ति ने ले ली। (सही बुखारी किताबुल-लिबास बाब هَلْ يُجْعَلُ نَقْشُ الخَاتَمِ ثَلاَثَةَ أَسْطُرٍ हदीस 5879) (तारीख़ अल्तिबरी भाग 5 पृष्ठ 111-112 ثم دخلت سنة ثلاثين/ذكر الخبر عن سبب سقوط112 الخاتم... दारुल फ़िकर बेरूत 2002 ई.)

अशर: मुबशर: में भी आप रज़ियल्लाहु अन्हु शामिल थे। हज़रत अब्दुर्रहमान बिन अखनस से मर्वी है कि वह मस्जिद में थे कि एक व्यक्ति ने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु का बे-अदबी से वर्णन किया। इस पर हज़रत सईद बिन ज़ैद खड़े हो गए और कहा मैं रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सम्बन्ध में गवाही देता हूँ कि नि:संदेह मैंने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को यह फ़रमाते हुए सुना कि दस आदमी जन्नत में जाऐंगे। नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम जन्नत में होंगे। अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु जन्नत में होंगे। उमर रज़ियल्लाहु अन्हु जन्नत में होंगे। उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु जन्नत में होंगे। अली रज़ियल्लाहु अन्हु जन्नत में होंगे। तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु जन्नत में होंगे। अब्दुर्रहमान बिन ओफ़ रज़ियल्लाहु अन्हु जन्नत में होंगे। ज़ुबैर बिन अवाम रज़ियल्लाहु अन्हु जन्नत में होंगे। साद बिन मालिक रज़ियल्लाहु अन्हु जन्नत में होंगे और यदि मैं चाहूँ तो दसवें का नाम भी ले सकता हूँ। रावी कहते हैं कि लोगों ने कहा कि दसवाँ कौन है? हज़रत सईद बिन ज़ेद रज़ियल्लाहु अन्हु कुछ देर ख़ामोश रहे। इस पर लोगों ने फिर पूछा कि दसवाँ कौन है? तो उन्होंने कहा सईद बिन ज़ेद रज़ियल्लाहु अन्हु अर्थात मैं ख़ुद हूँ।(सुंन अबी दाऊद किताब सुन्नत बाब फ़ी खुलाफाए हदीस 4649) पहले भी एक जगह पर यह रिवायत उनके सम्बन्ध में वर्णन कर चुका हूँ।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के साथ जन्नत में संगत के बारे में आता है। हज़रत तल्हा बिन उबयदुल्लाह रज़ियल्लाहु अन्हु से मर्वी है कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया :

हर नबी का एक साथी होता है और मेरा साथी अर्थात जन्नत में मेरा साथी, संगत में उस्मान होगा। (सुंन अल्तिर्मेज़ी अब्वाबुल मनाकिब बाब व रफ़ीकी फ़ी जन्नते उस्मान हदीस 3698)

हज़रत जाबिर रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि एक दफ़ा हम रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के साथ एक घर में मुहाजिरीन के एक गिरोह के साथ थे जिन में अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु, उमर रज़ियल्लाहु अन्हु, उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु, अली रज़ियल्लाहु अन्हु, तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु, ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु, अब्दुर्रहमान बिन ओफ़ रज़ियल्लाहु अन्हु, और साद बिन अबी वकास रज़ियल्लाहु अन्हु थे तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया हर व्यक्ति अपने बराबर वाले के साथ खड़ा हो जाए। फिर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के साथ खड़े हो गए और उनसे गले मिले और फ़रमाया اَنْتَ وَلِيِّ فِي الدُّنْيَا وَ وَلِيِّ فِي الْاٰخِرَةِ कि तुम दुनिया में भी मेरे दोस्त हो और आख़िरत में भी मेरे दोस्त हो।

(मज्मा ज़वायैद व मम्बा फ़ावायैद भाग 9 पृष्ठ 66 किताब मनाकिब बाब मवालात हदीस नंबर 14528 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2001ई.)

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के आज़ाद किए ग़ुलाम अबू साहला वर्णन करते हैं कि यौमुल दार को अर्थात जिस दिन हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को उपद्रवियों ने आप रज़ियल्लाहु अन्हु के घर में कैद करके शहीद कर दिया था। कहते हैं कि उस दिन मैंने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से निवेदन किया हे अमीरुल मोमिनीन रज़ियल्लाहु अन्हु! इन उपद्रवियों से लड़ें। हज़रत अब्दुल्लाह रज़ियल्लाहु अन्हु ने भी आप रज़ियल्लाहु अन्हु से निवेदन किया कि हे अमीरुल मोमिनीन रज़ियल्लाहु अन्हु इन उपद्रवियों से लड़ें। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया अल्लाह की क़सम मैं लड़ाई नहीं करूँगा। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुझ से एक बात का वादा किया था। अत: मैं चाहता हूँ कि वह पूरा हो। (ओसुदुल ग़ाबा फ़ी मारेफ़तिल सहाबा लेइब्ने असीर भाग 3 पृष्ठ 483-484 उस्मान बिन अफ्फ़ान, दारुल फ़िक्र बेरूत 2003 ई.)

हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के बदर के युद्ध से पीछे रहने, ओहोद में भागने और बैअत-ए-रिज़वान में शामिल न होने के सम्बन्ध में आपत्ति की जाती है। यह मुनाफ़क़ीन ने भी आप रज़ियल्लाहु अन्हु पर आपत्ति की थी। उस्मान बिन मौहिब वर्णन करते हैं कि मिस्र वालों से एक व्यक्ति हज के लिए आया तो उसने कुछ लोगों को बैठे हुए देखा। उपद्रव पैदा करने के लिए उसने बातें कीं। उसने लोगों से पूछा कि ये कौन लोग हैं? उन्होंने कहा ये क़ुरैशी हैं। उसने पूछा उनमें यह बूढ़ा व्यक्ति कौन है? लोगों ने कहा हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ियल्लाहु अन्हु हैं। उसने कहा हे इब्ने उमर रज़ियल्लाहु अन्हु आप रज़ियल्लाहु अन्हु से एक बात के सम्बन्ध में पूछता हूँ। आप रज़ियल्लाहु अन्हु मुझे बताएं क्या आप रज़ियल्लाहु अन्हु को इलम है कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ओहोद के दिन भाग गए थे? उन्होंने कहा हाँ। फिर उसने पूछा क्या आप रज़ियल्लाहु अन्हु जानते हैं कि वह जंग-ए-बदर से गैरहाज़िर रहे और इस में शामिल नहीं हुए? उन्होंने कहा हाँ। उसने पूछा क्या आप रज़ियल्लाहु अन्हु जानते हैं कि वह बैअत-ए-रिज़वान से भी गैरहाज़िर थे और उस में शामिल नहीं थे? उन्होंने कहा हाँ। इस पर इस व्यक्ति ने ताज्जुब से कहा अल्लाहु-अकबर। हज़रत इब्ने उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने उसे कहा इधर आओ। तुमने आपत्ति तो की है। मैं तुम्हें हक़ीक़त-ए-हाल खोल कर बताता हूँ। जंग ओहोद के दिन जो उनका भाग जाना था तो मैं यह गवाही देता हूँ कि अल्लाह तआला ने आप रज़ियल्लाहु अन्हु को माफ़ कर दिया था और आप रज़ियल्लाहु अन्हु से मग़फ़िरत का सुलूक फ़रमाया था। उस वक़्त जब ऐसी हंगामी हालत थी यह प्रसिद्ध हो गया था कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को भी काफ़िरों ने शहीद कर दिया है तो उस वक़्त फिर बहरहाल ऐसी हालत थी जो एक वक़्ती बेचैनी के तौर पे आप रज़ियल्लाहु अन्हु चले गए थे। कहते हैं जहां तक बदर से हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का ग़ायब रहना है तो इस का कारण यह था कि हुज़ूर रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की बेटी जो आप रज़ियल्लाहु अन्हु की पत्नी थीं वह बीमार थीं और रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने आप रज़ियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया था कि तुम अपनी पत्नी के पास ही रहो। तुम्हारे लिए बदर में शामिल होने वालों की भांति प्रतिफल और माल-ए-ग़नीमत में से हिस्सा होगा। और जहां तक बैअत-ए-रिज़वान से आप रज़ियल्लाहु अन्हु की गैरहाज़िरी है तो याद रखों यदि मक्का की वादी में हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से बढ़ कर कोई और व्यक्ति सम्मानित होता तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की जगह उस व्यक्ति को कुफ़्फ़ार की ओर दूत बना कर भेजते। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को भेजा और बैअत-ए-रिज़वान उस वक़्त हुई जब आप रज़ियल्लाहु अन्हु मक्का वालों की तरफ़ गए हुए थे। बैअत-ए-रिज़वान के वक़्त रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने दाएं हाथ से अपने बाएं हाथ की तरफ़ इशारा करके फ़रमाया कि यह उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का हाथ है और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने अपने बाएं हाथ को अपने दूसरे हाथ पर-ज़ोर से रखते हुए फ़रमाया यह उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के लिए है। हज़रत इब्ने उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने यह वर्णन फ़रमाने के बाद उस व्यक्ति से कहा। अब ये बातें अपने साथ ले जाओ और याद रखना यह कोई आपत्ति की बातें नहीं हैं। जाओ। (उद्धरित सही बुखारी किताबुल फ़ज़ायल अस्हाबुन्नबी (सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम) बाब मनाक़िब उस्मान नंबर 3698) यह बुख़ारी की रिवायत है।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की ज़िंदगी में मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की बढ़ोतरी हुई थी। इस में भी हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को हिस्सा लेने की तौफ़ीक़ मिली। अबू मलीह अपने पिता से रिवायत करते हैं कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने मस्जिद मदीना की बढ़ोतरी के लिए ज़मीन के एक टुकड़े के मालिक को जो एक अंसारी था फ़रमाया तुम्हारे लिए इस ज़मीन के टुकड़े के बदले जन्नत में घर होगा परन्तु उसने देने से इन्कार कर दिया। इस पर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु आए और उस व्यक्ति से कहा कि तुम्हारे लिए इस टुकड़े के बदले, इस टुकड़ा ज़मीन के बदले में दस हज़ार दिरहम देता हूँ। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने उससे वह टुकड़ा ज़मीन का ख़रीद लिया। फिर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पास आए और निवेदन की हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ! आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम मुझ से ज़मीन का यह टुकड़ा ख़रीदें जो मैंने अंसारी से ख़रीदा है। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने वह ज़मीन का टुकड़ा हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु से जन्नत में घर के बदले ख़रीद लिया। वही बात आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फिर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को फ़रमाया कि तुम्हारा जन्नत में घर होगा। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने बताया कि मैंने दस हज़ार दिरहम के बदले में उसे ख़रीद लिया है। इसके बाद नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने एक ईंट रखी। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु को बुलाया तो उन्होंने भी एक ईंट रखी। फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु को बुलाया उन्होंने भी एक ईंट रखी। फिर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु आए और उन्होंने भी एक ईंट रखी। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने बाक़ी लोगों से फ़रमाया कि अब तुम सब ईंटें रखो तो उन सबने रखी।(मज्मा ज़वायैद भाग 9 पृष्ठ 65 किताबुल मनाकिब बाब मा अमल मिन खैर ... हदीस नंबर 14524 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2001 ई.) यह जो उस का एक्सटेंशन (extension) हुआ था तो इस तरह उस की बुनियाद पड़ी।

सुमाम: बिन हज़न कुशैरी वर्णन करते हैं कि मैं मुहासिरे के वक़्त हाज़िर था जब हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने झांक कर लोगों से फ़रमाया। जब हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के घर का मुहासिरा किया गया था तो हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया : तुम्हें अल्लाह और इस्लाम की क़सम देकर पूछता हूँ क्या तुम जानते हो कि जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मदीना तशरीफ़ लाए तो रूमा नामी कुएँ के अतिरिक्त मीठे पानी का कोई इंतिज़ाम नहीं था। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कौन है जो रूमा कुएँ को ख़रीदेगा ताकि वह इस में अपना डोल मुस्लमानों के डोल के साथ डाले। अर्थात वह ख़ुद भी पिए और मुस्लमान भी इस से पियें और जन्नत में उसके लिए इस से बेहतर बदला होगा। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा कि इस पर मैंने वह कुआँ अपने ज़ाती माल से ख़रीदा और इस में अपना डोल मुस्लमानों के डोलों के साथ डाला और आज तुम मुझे इस से पानी पीने से रोकते हो और चाहते हो कि मैं समुंद्र का पानी पीने पर मजबूर हो जाऊं। इस पर लोगों ने कहा अल्लाह की क़सम! आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने उचित फ़रमाया है। फिर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया मैं तुम्हें अल्लाह और इस्लाम की क़सम देकर पूछता हूँ क्या तुम जानते हो कि मैंने जैशे उस्रा, तबूक के युद्ध के लश्कर की तैयारी अपने माल से की थी। इस पर लोगों ने कहा अल्लाह की क़सम ऐसे ही है। फिर आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया मैं तुम्हें अल्लाह और इस्लाम की क़सम देकर पूछता हूँ क्या तुम जानते हो कि यह मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम जब नमाज़ियों के लिए तंग हो गई तो रसूलुल्लाह

सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया जो व्यक्ति अमुक ख़ानदान से ज़मीन का यह टुकड़ा ख़रीद कर मस्जिद में शामिल कर देगा तो उसके लिए जन्नत में इस से बेहतर होगा। इसलिए मैं ने ज़मीन का यह टुकड़ा अपने ज़ाती माल से ख़रीद कर मस्जिद में शामिल कर दिया और अब तुम लोग मुझे इस मस्जिद में दो रकात नमाज़ पढ़ने से भी रोक रहे हो। इस पर उन लोगों ने कहा अल्लाह की क़सम ऐसा ही है। फिर आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया मैं तुम्हें अल्लाह और इस्लाम की क़सम देकर पूछता हूँ क्या तुम जानते हो कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मक्का के सबीर नामी पहाड़ी पर थे और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के साथ हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु और मैं था। जब पहाड़ी कांपी तो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस पर अपना पांव मारते हुए फ़रमाया हे सबीर! ठहर जा क्योंकि तुझ पर एक नबी और एक सिद्दीक़ और दो शहीद हैं। इस पर उन लोगों ने कहा अल्लाह की क़सम ऐसा ही है। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया अल्लाहु-अकबर रब-ए-काअबा की क़सम उन लोगों ने मेरे हक़ में यह गवाही दे दी है अर्थात यह कि मैं शहादत का स्थान पाने वाला हूँ। (सुंन निसाई किताब अल्हिबास बाब वक़्फ़ मसाजिद हदीस नंबर 3638)

मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की और बढ़ोतरी जो हुई वह ज़्यादा-तर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के ज़माने में हुई थी। इसलिए उस का संक्षेप इतिहास और इबतिदाई हालात और फिर बढ़ोतरी के बारे में जो भी वर्णन है वह बताता हूँ। पहले तो यह वर्णन किया गया है नाँ कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के ज़माने में बढ़ोतरी की गई। इसके बारे में एक नोट यह भी है कि रबीउल अव्वल के महीने में प्रथम हिज्री के अनुसार अक्तूबर 622 ई. के अन्त में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपने दस्त-ए-मुबारक से मस्जिद-ए-नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की नीव रखी। बुनियाद तक़रीबन तीन ज़रा अर्थात डेढ़ मीटर गेहरी थी। बुनियाद के लिए पत्थर से घड़ी हुई ईंटों से दीवार बनाई गई जबकि ऊपर की दीवार गारे से बनी और धूप में सुखाई गई कच्ची ईंटों से बनाई गई थी और धूप में सुखाई गई। दीवार कच्ची ईंटों से बनाई गई थी।

(उद्धरित जुस्तजू-ए-मदीना अज़ अब्दुल हमीद कादरी पृष्ठ 430 ओरीएंटल पब्ली केशन्ज़् पाकिस्तान 2007 ई.)

यह मस्जिद की तामीर की तारीख़ है। साथ-साथ इस में बढ़ोतरी का भी वर्णन आ जाएगा। मस्जिद की दीवारें तक़रीबन पौने मीटर, तक़रीबन दो अढ़ाई फुट चौड़ी रखी गई थीं, जिनकी ऊंचाई तक़रीबन सात ज़रा अर्थात तक़रीबन साढ़े तीन मीटर थी।

(उद्धरित जुस्तजू-ए-मदीना अज़ अब्दुल हमीद कादरी पृष्ठ 432 ओरीएंटल पब्ली केशन्ज़् पाकिस्तान 2007 ई.)

मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की तकमील शवाल के महीने की 1 हिज्री, अप्रैल 623 ई. में हुई।

(उद्धरित जुस्तजूए मदीना अज़ अब्दुल हमीद कादरी पृष्ठ 435 ओरीएंटल पब्ली केशन्ज़् पाकिस्तान 2007 ई.)

हज़रत ख़ारजा बिन ज़ैद बिन साबित रज़ियल्लाहु अन्हु की रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपनी मस्जिद की लम्बाई सत्तर ज़रा, तक़रीबन 35 मीटर और चौड़ाई साठ ज़रा, तक़रीबन 30 मीटर रखी थी।

(उद्धरित जुस्तजू-ए-मदीना अज़ अब्दुल हमीद कादरी पृष्ठ 437-438 ओरीएंटल पब्ली केशन्ज़् पाकिस्तान 2007 ई.)

रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के दौर में मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की पहली बढ़ोतरी मुहर्रम 7 हिज्री, जून 628 ई. में हुई। जब रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ग़ज़व-ए-ख़ैबर से कामयाब हो कर लौटे तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की बढ़ोतरी और तामीर-ए-नौ का हुक्म-जारी फ़रमाया। मस्जिद की बढ़ोतरी दक्षिण की ओर अर्थात क़िबले की ओंर और पूर्व की ओर नहीं की गई। ज़्यादा-तर बढ़ोतरी उत्तरी की ओर की गई और कुछ पूर्व की ओर भी। उत्तरी ओर सहाबा किराम के कुछ घर थे। इस जानिब एक अंसारी सहाबी का घर था जिस को अपना मकान देने में कुछ हिच किचाहट थी। ऐसे में जैसे के पहले वर्णन हो चुका है हज़रत उस्मान बिन अफ़्फ़ान रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपनी जेब से दस हज़ार दीनार देकर वह घर ख़रीद लिया और नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की ख़िदमत में पेश किया। इस तरह मस्जिद की बढ़ोतरी ज़्यादा-तर उत्तरी ओर और पूर्व की ओर संभव हो सकी। इस बढ़ोतरी के बाद मस्जिद का कुल क्षेत्र 100X100 ज़रा अर्थात 50X50 मीटर हो गया।

(उद्धरित जुस्तजू-ए-मदीना अब्दुल हमीद कादरी से पृष्ठ 446-447 ओरीएंटल पब्लीकेशन्ज़् पाकिस्तान 2007 ई.)

हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु के समय में मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की दूसरी बढ़ोतरी 17 हिज्री में हुई। हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ियल्लाहु अन्हु से मर्वी है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के दौर में मस्जिद कच्ची ईंटों से बनी हुई थी जिस की छत खजूर की टहनियों और पत्तों से बनी हुई थी और सतून खजूर के तनों के थे। हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हु

ने उसको इसी हालत में रहने दिया और इस में कोई तबदीली या बढ़ोतरी नहीं की। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने इस की तामीर-ए-नौ और बढ़ोतरी करवाई परन्तु उस की हैयत और तर्ज़-ए-तामीर में कोई तबदीली नहीं करवाई। जिस तरह था उन्ही बुनियादों पर या इसी तरह पुराना हिस्सा रहने दिया था। उन्होंने भी उसे उसी तरह के तरीक पर बनवाया केवल एक्सटेंशन हुई। छत पहले की तरह खजूर के पत्तों की ही रही। उन्होंने केवल सतून लकड़ी के डलवा दिए। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने 17 हिज्री में मस्जिद की तामीर को अपनी निगरानी में मुकम्मल करवाया। इस बढ़ोतरी के बाद मस्जिद का रकबा 50X50 मीटर जो पहले था से बढ़कर 70X60 मीटर हो गया या 140X120 ज़रा हो गया। इस रिवायत से ज़ाहिर होता है कि हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु के दौर में भी मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम वही रही जो कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के समय में थी जबकि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु की तामीर-ए-नौ के साथ इस में काफ़ी बढ़ोतरी हो गई।

(उद्धरित जुस्तजूए मदीना से अब्दुल हमीद कादरी पृष्ठ 459 ओरीएंटल पब्ली केशन्ज़् पाकिस्तान 2007 ई.)

फिर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के दौर ख़िलाफ़त में मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की बढ़ोतरी हुई और तामीर-ए-नौ भी हुई। यह 29 हिज्री की घटना है। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की बढ़ोतरी और नव निर्माण किया तो उसे ख़ूबसूरत और मज़बूत बनाने के लिए पत्थर जिप्सम और नक़्श-ओ-निगार का प्रयोग किया। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने दीवारें पत्थर की बनवाईं जिन पर नक़्श-ओ-निगार बने हुए थे और मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम में पहली बार सफ़ेदी के लिए चूने का प्रयोग भी किया गया। छत में शीशम की लकड़ी प्रयोग हुई थी। जब हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु 24 हिज्री में ख़लीफ़ा निर्धारित हुए तो लोगों ने उनसे निवेदन किया कि मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की बढ़ोतरी कर दी जाए। उन्होंने सेहन की तंगी की शिकायत की। खासतौर पर नमाज़-ए-जुमा के इजतिमाआत पर ऐसा कसरत से होता। अक्सर होता कि लोगों को मस्जिद के बाहर वाले हिस्सा में नमाज़ अदा करनी पड़ती थी। इस लिए हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने सहाबा किराम से मश्वरा किया। सब की राय यही थी कि पुरानी मस्जिद को तोड़ कर उसकी जगह नई मस्जिद बनाई जाए। पहली मस्जिद को गिरा दिया जाए, नई तामीर की जाए। एक दिन हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने नमाज़ ज़ुहर के बाद मिंबर पर ख़ुतबा दिया और फ़रमाया समस्त तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं। मैं मस्जिद को तोड़ कर इस की जगह नई मस्जिद बनाना चाहता हूँ और मैं गवाही देता हूँ कि मैंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ज़बान मुबारक से सुना है कि जो भी मस्जिद बनाता है अल्लाह तआला उसको जन्नत में एक घर अता कर देता है। मुझ से पहले हज़रत उमर फ़ारूक रज़ियल्लाहु अन्हु थे उनके हाथों मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की बढ़ोतरी और तामीर-ए-नौ मेरे लिए एक उदाहरण और नज़ीर है। मैंने राए देने वाले लोगों से मश्वरा किया है और उन सब की सहमती से राय यही है कि मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को तोड़ कर उसे दुबारा बनाया जाना चाहिए।

जब हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने मस्जिद की तामीर नौ का मन्सूबा पेश किया तो कुछ सहाबा किराम ने इस मुआमले में अपने आरक्षण पेश किए। उनका ख़्याल था गिरानी नहीं चाहिए। उनमें वे सहाबा किराम शामिल थे जो बिल्कुल मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के क़रीब रहते थे और जिनके मकानात इस मंसूबे से प्रभावित होते नज़र आ रहे थे। लोगों की अक्सरीयत ने तो इस योजना की हिमायत की परन्तु कुछ सहाबा किराम ने आपत्ति की। हज़रत अफ्लाह बिन हमीद ने वर्णन किया कि जब हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने चाहा कि मिंबर पर तशरीफ़ ला कर लोगों की राय मालूम करें तो मर्वान बिन हकम ने कहा निसंदेह

यह एक नेक काम है। इस लिए क्या ज़रूरत है कि आप लोगों की राय मालूम करें। इस पर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने उनकी डाट फटकार की और सरज़निश करते हुए फ़रमाया तेरा भला हो में किसी मुआमले में लोगों पर जबर और ज़बरदस्ती का क़ायल नहीं हूँ। मुझे उनसे ज़रूर मश्वरा करना है। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया में अपनी राय को लोगों पर थोपना नहीं चाहता। मैं तो जो काम भी करूँगा उनकी मर्ज़ी से करूँगा। फिर जब आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपने मंसूबे के सम्बन्ध में राए देने वाले अस्हाब को भरोसे में ले लिया तो मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की उत्तरी ओर स्थित घरों को ख़रीद कर उनकी ज़मीन हासिल की। जबकि आपने हर्जाने के तौर पर इन अस्हाब को काफ़ी पैसे पेश किए थे परन्तु फिर भी कुछ अस्हाब अपने घरों को देने के हक़ में नहीं थे और तक़रीबन चार वर्ष गुज़र गए परन्तु कोई आशा के अनुसार सफ़लता नहीं हो सकी। हज़रत उबयदुल्लाह खौलानी रज़ियल्लाहु अन्हु से मर्वी है कि जब लोग अपने मकानात देने के लिए आना कानी कर रहे थे और तर्क लम्बे होते जा रहे थे तो मैंने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को कहते हुए सुना तुम लोग बहुत बातें बना चुके। मैं ने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को इरशाद फ़रमाते हुए सुना था कि जो कोई अल्लाह तआला की प्रसन्नता प्राप्त करने के लिए मस्जिद की तामीर करेगा अल्लाह तआला इसके प्रतिफल में इस के लिए ऐसा ही महल जन्नत में तामीर करवाएगा।

इसी तरह हज़रत महमूद बिन लबीद रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि जब हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की नई तामीर का इरादा किया तो लोगों को उनका मन्सूबा पसंद नहीं आया। उनका इसरार था कि मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को इसी हालत में रहने दिया जाए जैसा कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के अह्द में थी। इस पर आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया जो कोई अल्लाह तआला की प्रसन्नता प्राप्त करने के लिए मस्जिद तामीर करेगा अल्लाह तआला प्रतिफल में उसके लिए ऐसा ही महल जन्नत में तामीर करवाएगा। जब हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु लोगों को क़ायल करने में कामयाब हो गए तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने रबीउल अव्वल के महीने में 29 हिज्री, नवंबर 649 ई. में काम की इबतिदा करवा दी। तामीर-ए-नौ के काम में केवल दस माह लगे और इस प्रकार एक मुहर्रम 30 हिज्री को मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम तैयार हो गई। आप रज़ियल्लाहु अन्हु स्वयं काम की निगरानी फ़रमाते थे। दिन के वक़्त हमेशा रोज़ा रखते और रात के वक़्त यदि नींद मजबूर करती तो मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम में ही सस्ता लिया करते थे। हज़रत अब्दुर्रहमान बिन सफ़ी से मर्वी है कि मैंने देखा कि मस्जिद की तामीर के लिए मासला उठा-उठा कर हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के पास लाया जाता और मैंने यह भी देखा कि वह हमेशा अपने पांव पर खड़े-खड़े कारीगरों से काम करवाते और फिर जब नमाज़ का वक़्त आ जाता तो उनके साथ नमाज़ अदा करते और फिर कभी कभी वहीं सो भी जाया करते थे। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु ने मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को दक्षिण में क़िबला की ओर वुसअत दी और इस की क़िबला की दीवार को उस जगह तक ले आए जहां कि आज तक है। उत्तरी ओर इस में पच्चास ज़राह तक़रीबन 25 मीटर की बढ़ोतरी की गई और कुछ बढ़ोतरी पूर्व की ओर भी करवाई गई। जबकि पूर्व की ओर जहां पवित्र कमरे थे कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। इसके बाद मस्जिद नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का कुल रकबा 160X150 ज़राह अर्थात तक़रीबन 80X75 मीटर हो गया।

